प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 16.11.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड स्थापना दिवस के दूसरे दिन आज भव्य सांस्कृतिक उत्सव, रिद्म ऑफ फोक थीम पर आयोजन, ड्रोन शो से दिखेगी राज्य की गौरव गाथा।

2. नई दिल्ली में 44वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला, .झारखण्ड पवेलियन में राज्य स्थापना दिवस और बिरसा मुंडा जयंती पर ख़ास आयोजन, दर्शकों ने लिया आनंद।

3. मंत्री चमरा लिंडा ने कहा –एससी और एसटी समुदाय के बच्चों को उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में आगे बढ़ाने के लिए विशेष कोचिंग की व्यवस्था कर रही राज्य सरकार।

4. राष्ट्रीय प्रेस दिवस आज, इस वर्ष का विषय बढ़ती गलत सूचनाओं के बीच प्रेस की विश्वसनीयता की रक्षा पर केंद्रित।

5. 23 वें एशिया मास्टर एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता में गोल्ड जीतने वाले खिलाड़ी रामप्रताप मुंडा समेत झारखंड के 40 खिलाड़ी पहुंचे रांची, किया गया भव्य स्वागत

******************************

झारखंड स्थापना के रजत पर्व को यादगार बनाने के लिए रांची के मोरहाबादी मैदान में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। स्थापना दिवस के दूसरे दिन आज भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पहली बार झारखंड में "जतरा" का आयोजन किया गया जिसमें राज्य की विविध सांस्कृतिक झलक पेश की गई। शाम को मोरहाबादी मैदान में भव्य ड्रोन शो आयोजित किया जाएगा, जिसमें भगवान बिरसा मुंडा की जीवनगाथा और झारखंड की समृद्ध संस्कृति को आकर्षक दृश्यों के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम में राज्य के पारम्परिक विधाओं का समावेश करते हुए राज्य के समृद्ध कला संस्कृति का प्रदर्शन किया जाएगा जिसका थीम रिदम ऑफ फोक होगा।

******************************

नई दिल्ली के प्रगति मैदान में जारी 44वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने और धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में झारखंड पवेलियन में ख़ास समारोह आयोजित किया गया, जिसका दर्शकों ने खूब आनंद लिया। इस अवसर पर झारखंड के उद्योग निदेशक विशाल सागर ने कहा कि झारखंड प्रदेश के 25 साल पूर्ण होने का जश्न प्रदेश से दिल्ली तक मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक जियाडा वरुण रंजन, कृषि निदेशक झारखंड भोर सिंह यादव समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

******************************

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और झारखंड स्थापना दिवस पर टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में 12वां संवाद कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया । उद्घाटन समारोह में टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेन्द्रन सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे। इस बार देश के 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की कुल 153 जनजातियों के 2,500 प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर समारोह को ऐतिहासिक बनाया। कार्यक्रम 19 नवंबर तक आयोजित होगा । टाटा स्टील के सीईओ ने कहा कि विभिन्न आदिवासी समुदायों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया जा रहा है।

******************************

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती और झारखंड स्थापना दिवस पर गुमला में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री चमरा लिंडा शामिल हुए। मंत्री चमरा लिण्डा ने कहा कि राज्य सरकार एससी और एसटी समुदाय के बच्चों को उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में आगे बढ़ाने के लिए विशेष कोचिंग की व्यवस्था कर रही है।

*****************************

आज राष्ट्रीय प्रेस दिवस है। यह दिवस प्रत्येक वर्ष 16 नवंबर को स्वतंत्र और दायित्वपूर्ण प्रेस की भूमिका को मान्यता प्रदान करने के लिए मनाया जाता है। यह दिन भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना के उपलक्ष्य में भी मनाया जाता है। परिषद ने 1966 में इसी दिन अपना कामकाज शुरू किया था। स्थापना के बाद से, परिषद एक स्वतंत्र नैतिक प्रहरी के रूप में कार्य करती रही है। यह पत्रकारिता के उच्च मानकों को बनाए रखने और प्रेस को बाहरी प्रभावों तथा खतरों से बचाने के लिए कार्य कर रही है। इस वर्ष का विषय बढ़ती गलत सूचनाओं के बीच प्रेस की विश्वसनीयता की रक्षा पर केंद्रित है।

*****************************

साहिबगंज के नमामि गंगे घाट से यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों शहरवासियों ने भाग लिया। इसके साथ ही पटेल चौक पर सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में माय भारत द्वारा देशभर में इस कार्यक्रम को आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों निबंध, रंगोली और उत्कृष्ट रील प्रतियोगिता का भी आयोजन होना है जिसमें विजेताओं को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा। माय भारत के जिला प्रभारी मंटू पातर ने बताया कि इच्छुक प्रतिभागी माय भारत के ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन देकर इन प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं

*****************************

रांची सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने गला कटे मरीज की जान बचाकर टीम भावना की बड़ी मिसाल पेश की है। सर्जरी ओपीडी के चिकित्सक डॉ. अजीत कुमार ने सर्जन डॉ. तन्मय प्रसाद और एनेस्थीसिया के चिकित्सकों के सहयोग से क्रिटिकल सर्जरी की। ऑपरेशन लगभग 2 घंटे तक चली जिसमें उन्हें सांस लेने के लिए एक अलग रास्ता बनाना पड़ा जिसे ट्रेक्योस्टामी कहते है। सिविल सर्जन डॉक्टर प्रभात कुमार ने पूरी टीम को त्वरित कार्रवाई करने के लिए बधाई दी।

*****************************

दुमका जिले में फिर एक पेट्रोल काण्ड हुआ है। शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में एक महिला को जिंदा जलाने की कोशिश की गई है। गंभीर रूप से घायल महिला को पश्चिम बंगाल के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने इस मामले में एक दंपती को हिरासत में लिया है।

*****************************

चेन्नई में आयोजित 23 वें एशिया मास्टर एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता में गोल्ड जीतने वाले खिलाड़ी रामप्रताप मुंडा समेत झारखंड के 40 खिलाड़ी आज रांची पहुंचे। रांची रेलवे स्टेशन पर उनका जोरदार स्वागत किया गया । झारखंड मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव लक्ष्मण राम की तरफ से सभी खिलाड़ियों बधाई दी गई । चेन्नई में 5 नवंबर से 9 नवंबर तक जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में एशिया मास्टर एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई थी।

*****************************